TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

S u n d a y

## 23 जून

1. **अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस–** पहला ओलम्पिक खेल 23 जून, 1894 को पेरिस, सोरबोन में खेला गया था और इसी की याद में हर वर्ष 23 जून को ओलंपिक दिवस मनाया जाता है। इसी दिवस को पियरे डे कोबेर्टिन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की स्थापना भी की गई थी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल–कूद, प्रतियोगिताओं के संगठन, समन्वय, विकास को प्रोत्साहित करना है।

2. **संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस–** वर्ष 2002 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 23 जून को संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस मनाने का निर्णय लिया। इस दिवस को उन लोगों को सम्मानित किया जाता है जो मानवता की सेवा की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और जनता की सेवा संस्थानों में उत्कृष्टता और नवाचार के लिए योगदान करते हैं।

3. **प्लासी का प्रथम युद्ध–** मुर्शीदाबाद (पश्चिम बंगाल) के दक्षिण में प्लासी नामक स्थान पर अंग्रेजी सेना तथा नवाब की सेना के मध्य युद्ध हुआ। इस युद्ध में अंग्रेजी सेना का नेतृत्व क्लाईव ने किया था। क्लाइव के पास 3200 सैनिक थे जबकि नवाब सेना में लगभग पचास हजार लोग थे। इस युद्ध में मीर जाफर ने नवाब को धोखा दिया। जगत सेठ, मानिकचंद तथा बंगाल के असंतुष्ट जमींदार ने भी मीरजाफर का समर्थन करने का निर्णय लिया। अंततः मीरजाफर के पुत्र मीरन के इशारे पर मोहम्मद बेग ने सिराजुद्दौला को कैद कर नमक हराम ड्योढी के एक कमरे में फाँसी देकर हत्या कर दी। मीरजाफर को नवाब बना दिया गया। इस युद्ध के बाद भारत में मध्यकाल की समाप्ति मानी जाती है तथा आधुनिक काल की शुरूआत होती है।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग–3'**, **के अध्याय 2** से जोड़कर चर्चा करें।

4. **अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस–** लूम्बा फाउंडेशन ने वर्ष 2005 मे अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस मनाए जाने की शुरूआत की थी। विभिन्न देशों में महिलाओं को अपने पति के मरने के बाद बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विधवा का मुंडन कर दिया जाना और पुर्नविवाह न करना जैसी परंपरायें भी सम्मिलित हैं। खासकर वृद्धावस्था में निर्धनता, शारीरिक शोषण, हिंसा, बहिष्कार, स्वास्थ्य समस्या और सामाजिक–पारिवारिक भेदभाव अथवा उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। इसके लिए वर्ष 1856 में भी लार्ड कैनिंग के समय भी हिन्दु विधवा पुर्नविवाह अधिनियम लाया गया था। विधवा महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए 23 जून, 2010 ई. को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा हर साल 23 जून को आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस मनाए जाने की मान्यता प्रदान की।

मधु प्रिया


# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 23 जून



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 23 जून 1894 को बैरन पियरे डी कौबर्टिन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।"ओलंपिक डे" इस दिन को सर्वप्रथम 1948 मे परिचित करवाया गया था, परंतु ओलंपिक गेम्स की शुरवात इससे कई वर्ष पूर्व 23 जून 1894 को सोरबोन, पेरिस में हो चुकी थी। इस 23 जून को, 1948 से हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के रूप में मनाया जाता है।ओलंपिक खेल का आयोजन प्रति चार वर्षो में अंतराष्ट्रीय खेल समिति द्वारा किया जाता है। यह विश्व में होने वाली अग्रणी खेल प्रतियोगिता है। इसमे 200 से अधिक देश हिस्सा लेते है। इस प्रतियोगिता में कई तरह के ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन खेल होते है।ओलंपिक दिवस खेल, स्वास्थ्य और एकजुटता का एक बड़ा जश्न है। यह हर साल 23 जून को मनाया जाता है। साथ ही यह पूरी दुनिया को क्रियाशील बनाने और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने के लिए सभी को आमंत्रित करता है। इस वर्ष ओलंपिक डे की थीम 'Let's Move' (आगे बढ़ते जाना है) है जिसका उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को रोज़मर्रा की शारीरिक गतिविधि के लिए समय निकालने के लिए प्रेरित करना है।ओलंपिक दिवस लोगों को शांति से एक साथ लाने के लिए खेल की ताकत का जश्न मनाता है। ओलंपिक अभियान ने शांति और खेल को एक साथ लेकर चलने में एक लंबा सफर तय किया है ,और हर ओलंपिक खेल के दौरान ओलंपिक ट्रूस अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति एथलीट आयोग ने फ़िनलैंड की आइस हॉकी खिलाड़ी एम्मा टेरहो को अपना अध्यक्ष और कोरिया गणराज्य के टेबल टेनिस खिलाड़ी सियुंग मिन यू को अपना पहला उपाध्यक्ष चुना।

# पुण्यतिथि विशेष 23 जून

राकेश कुमार




**श्यामा प्रसाद मुखर्जी** *Syama Prasad Mookerjee*, जन्म- 6 जुलाई, 1901, कोलकाता; मृत्यु- 23 जून, 1953) एक महान् शिक्षाविद और चिन्तक होने के साथ-साथ भारतीय जनसंघ के संस्थापक भी थे। उन्हें आज भी एक प्रखर राष्ट्रवादी और कट्टर देशभक्त के रूप में याद किया जाता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 23.06.2024

## आंचलिक कथा

आंचलिक कथा यह दोनों शब्द कुछ इस प्रकार बने है : अंचल+इक और कथा | अंचल' किसी निश्चित भू-भाग को कहते हैं। अंचल में इक जुड़ने से इसका अर्थ अंचल से संबंधित हो जाता है। कथा अर्थात् कहानी| किसी अंचल यानी निश्चित भू भाग निवासियों का रहन-सहन, वेशभूषा, रीति-रिवाज तथा लोक-संस्कृति को जिस कथा में दर्शाया गया हो उसे आंचलिक कथा कहते है |इसमें रचनाशीलता का नया आग्रह एवं लोकधर्मी भाषा, बोलियों-उपबोलियों की भी विविध भंगिमाएँ निहित होती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




पेरिस ओलंपिक से पहले **भारत** के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी **नीरज चोपड़ा** (Neeraj Chopra) ने **पावो नूरमी गेम्स** में **गोल्ड मेडल** जीता है। नीरज ने अपने **तीसरे प्रयास** में **85.97 मीटर** दूर भाला फेंका, जो उनका **बेस्ट थ्रो** रहा।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## तीरंदाजी

## आर्चरी में महिला कंपाउंड टीम ने गोल्ड की हैट्रिक लगाई: लगातार चौथा वर्ल्ड कप जीता, इस टूर्नामेंट में लगातार 13वीं जीत



**भारतीय टीम की वर्ल्ड कप लगातार चौथा गोल्ड**

भारतीय विमेंस टीम की कंपाउंड में वर्ल्ड कप में लगातार चौथा गोल्ड है। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर ने इस साल के तीन वर्ल्ड कप में गोल्ड जीतने से पहले पिछले साल पेरिस में हुए चौथे वर्ल्ड कप में गोल्ड जीता था। वहीं भारतीय टीम का वर्ल्ड कप में यह लगातार 13 वीं जीत है। भारतीय टीम ने 2023 मेडेलिन वर्ल्ड कप से एक भी मैच नहीं हारी है। मेडेलिन वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था।



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
23 जून
वैश्विक स्तर पर भारत का परचम लहराने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को
अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

प्रखर राष्ट्रवादी, महान क्रांतिकारी, भारत की एकता, अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले, अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक,महानशिक्षाविद,चिंतक

# डॉ॰ श्यामाप्रसाद मुखर्जी

के पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

जन्म: 6 जुलाई 1901- मृत्यु: 23 जून 1953



www.teachersofbihar.org


Madhu priya

# CYBER मंत्र

साईबर शिक्षा से साईबर सुरक्षा




## आज का मंत्र




**किसी भी व्हाट्सएप ग्रुप में .apk File आए तो कृपया उसे टच या इंस्टॉल नहीं करें। आपका फोन हैक हो सकता है।**




इन जैसी जानकारी के लिए आज ही फॉलो करें @teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


**23 जून 2024**

# Teachers of Bihar
The Change Makers

## आज का सुविचार

अगर आपमें प्रेम करने की
क्षमता है तो पहले स्वयं से करें।

**चार्ल्स बुकोवस्की**



राकेश कुमार